**प्रेस विज्ञप्ति**

# माननीय केंद्रीय मंत्री ने "हरित हाइड्रोजन के बारे में दूसरे अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन" में इरेडा पवेलियन का उद्घाटन किया



नई दिल्ली, 11 सितंबर 2024

नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा, उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण माननीय केंद्रीय मंत्री, माननीय श्री प्रल्हाद जोशी और पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस माननीय मंत्री, श्री हरदीप सिंह पुरी के साथ आज भारत मंडपम, नई दिल्ली में "हरित हाइड्रोजन पर दूसरे अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन" में इरेडा पवेलियन का उद्घाटन किया।

इस उद्घाटन के अवसर पर नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय के सचिव, श्री भूपिंदर सिंह भल्ला भी उपस्थित थे। इरेडा के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक (सीएमडी), श्री प्रदीप कुमार दास ने गणमान्य व्यक्तियों का स्वागत किया, उनके साथ इरेडा के निदेशक (वित्त), श्री बिजय कुमार मोहंती और अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण भी उपस्थित थे। इरेडा पवेलियन में नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं के वित्तपोषण के लिए संगठन की महत्वपूर्ण भूमिका को दर्शाया गया है, जिसमें ग्रीन हाइड्रोजन और ग्रीन अमोनिया जैसी उभरती प्रौद्योगिकियों पर विशेष ध्यान दिया गया है, जोकि देश की हरित अर्थव्यवस्था के विजन के अनुरूप है।

इस अवसर पर बोलते हुए, इरेडा के सीएमडी ने कहा कि, "इरेडा को भारत की हरित हाइड्रोजन पहल का हिस्सा बनने पर गर्व है और वह हरित ऊर्जा परियोजनाओं को वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। यह आयोजन देश को स्वच्छ ऊर्जा के लिए वैश्विक लीडर बनने के लिए मदद करने की हमारी यात्रा में एक और महत्वपूर्ण कदम है। हम अपने पवेलियन में माननीय श्री प्रल्हाद जोशी और माननीय श्री हरदीप सिंह पुरी की उपस्थिति से सम्मानित हैं, जोकि अक्षय ऊर्जा वित्तपोषण के बारे में हमारी जारी पहलों को प्रदर्शित करता है।"



